## समिति - बैठक दिनांक : 10-07-2026

आज दिनांक 10/07/26 को फ्लोरा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 08-07-2026 के अनुपालन में, वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अन्तर्गत महाविद्यालय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आगामी 12 जुलाई के कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। समिति में उपस्थित सभी सदस्यों व समिति के छात्रा स्वयं-सेविकाओं को 12 जुलाई को सम्पन्न होने वाले कार्यक्रमों की क्रमवार जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिससे सभी कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकें।

बैठक में सभी सम्मानित सदस्यगण व छात्रा स्वयं-सेविकाएं भी उपस्थित रहीं।

प्रो० निशा कुमारी (अध्यक्षा)
प्रो० उषा कुमारी (सदस्य)
श्रीमती रागिनी गौतम ,,
,, गजाला परवीन ,,
डॉ सुषमा मौर्या ,,

10/07/2026

प्राचार्या
... महिला महाविद्यालय
आजमगढ़

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सदस्य -
श्री राम मौर्या — श्रीराम मौर्य
हरिकान्त यादव
गणेश कुमार — गणेश कुमार

छात्रा स्वयंसेवक -
छाया मौर्या
सलोनी गौड़ — सलोनी गौड़

## वृक्षारोपण महाअभियान 2026, 12 जुलाई

वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अन्तर्गत दिनांक 12 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति महाविद्यालय ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी। शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे महाविद्यालय परिसर में आरोपित किये गये। नीम, आंवला, नींबू, सहजन आदि विभिन्न औषधीय गुणों से युक्त पौधे लगाये गये विभिन्न प्रकार के सौन्दर्यवर्धक पौधे भी लगाये गये। फ्लोरा संरक्षण के प्रति जागरूकता को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों व छात्राओं में पौधे वितरित किये गये।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में छात्राओं को भावात्मक रूप से जोड़ते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गयी। छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता व महत्व के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं को पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा के प्रति भी सचेत किया गया जिससे उनका प्रयास फलीभूत हो। छात्राओं व महाविद्यालय के कर्मचारियों को पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उपरोक्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० निशा कुमारी के सफल निर्देशन में कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्राओं को पर्यावरण संवर्धन में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया जिससे पर्यावरणीय संरक्षण के निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

गणेश कुमार

12/07/2026

प्राचार्या
... महिला महाविद्यालय